# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि 26 फाल्गुन, 1938 (श0) / 17 मार्च, 2017 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 132**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 61 |
| (2) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 45 |
| (3) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 14 |
| (4) पर्यटन विभाग | .. | .. | 10 |
| (5) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 01 |
| (6) विधि विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 132 |

कन्या मृत्यु दर घटाना

'क'-*910. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया की तरफ से 2015 के लिये सिम्पल रजिस्ट्रेशन सिस्टम के निर्गत बुलेटिन के अनुसार वर्ष 2015 में बिहार की शहरी आबादी में प्रति हजार 52 लड़कियाँ एवं 37 लड़कों तथा ग्रामीण इलाकों में प्रति हजार 39 लड़कियाँ एवं 36 लड़कों की मृत्यु इनके जन्म के पहले वर्ष में हुई है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य में कन्या मृत्यु दर को घटाने हेतु कौन-सा कदम उठाने का विचार रखती है ?

---

कार्य पूर्ण करना

*1912. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर एवं पानापुर प्रखंडों का ग्रामीण विद्युतीकरण के तहत संवेदक ई0 एम0 सी0 कम्पनी द्वारा अभीतक मात्र 25 प्रतिशत कार्य भी नहीं कराया गया है, जबकि उक्त प्रखंडों में विद्युतीकरण का कार्य वर्ष 2016 तक पूर्ण करना था, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

रिक्त पदों को भरना

*1913. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में सामान्य चिकित्सकों के 2,800 पद, विशेषज्ञ चिकित्सकों के 2,000 पद, ए0 एन0 एम0 के 7,000 तथा जी0 एन0 एम0 के 3,817 पद पिछले चार वर्षों से रिक्त हैं, यदि हाँ, तो सरकार इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुनर्वासित करना

*1914. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के बरदाहा पंचायत में मडुआहा गाँव निवासी श्री विगन ठाकुर, पिता स्व0 मोहन ठाकुर तथा सुदामा देवी, पिता स्व0 मोहन ठाकुर का घर आगजनी की घटना में 25 अप्रैल, 2016 को जलकर राख हो गया है, जिससे पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे गुजन-बसर करने को मजबूर हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अग्नि पीड़ित परिवारों को पुनर्वासित करने का विचार ररखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-सदन द्वारा दिनांक 7 मार्च, 2017 को स्वास्थ्य विभाग में स्थानांतरित ।

### ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1915. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के कतालपुर पंचायत में मस्जिद के समीप 63 के0 वी0 ए0 का ट्रांसफॉर्मर लगाने हेतु विद्युत् कार्यपालक अभियंता, गोपालगंज द्वारा अक्टूबर, 2015 में भेजा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अक्टूबर, 2015 से 63 के0 वी0 ए0 का ट्रांसफॉर्मर कतालपुर मस्जिद में रखा हुआ है तथा विभाग द्वारा ट्रांसफॉर्मर अबतक नहीं लगाया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त मस्जिद में रखे 63 के0 वी0 ए0 का ट्रांसफॉर्मर कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### मुआवजा देना

*1916. श्री राजीव नन्दन--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरुआ प्रखण्ड अन्तर्गत चिलौर पंचायत के ग्राम-अकोशरा में दिनांक 29 नवम्बर, 2015 को आग लगने से दिलकेश्वर पासवान, सुरेश पासवान, लालदेव पासवान, अरूण पासवान तथा प्रमोद पासवान का घर जलकर राख हो गया था परन्तु अभीतक उक्त पीड़ित व्यक्तियों को मुआवजा की राशि नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पीड़ित व्यक्तियों को मुआवजा की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### भवन का निर्माण

*1917. मो0 नेमतुल्लाह--क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड के बेलसंड पंचायत के ग्राम-बेलसंड में अवस्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन नहीं रहने के कारण मरीजों को कठिनाई होती है, जबकि स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### स्ट्रीट लाइट लगाना

*1918. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के हनुमान मंदिर से चाँदपुरा पुल तक सड़क किनारे रोशनी हेतु सभी बिजली के पोलों पर स्ट्रीट लाइट नहीं है जबकि उक्त स्थान तक के सड़क किनारे प्रखण्ड कार्यालय, थाना, हॉस्पीटल, पावरग्रिड सब-स्टेशन, बी0 एस0 एन0 एल0 ऑफिस, उच्च विद्यालय एवं पातेपुर बाजार हाट अवस्थित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान के बिजली के पोल पर स्ट्रीट लाइट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*1919. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत छातापुर प्रखण्ड के राजेश्वरी पूर्वी पंचायत के वार्ड नं० 1 से 13 तक में अभीतक विद्युतीकरण का कार्य अधूरा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वार्ड में विद्युतीकरण के कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

निर्माण कराना

*1920. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि हर पाँच हजार की आबादी पर एक स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना करने का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 2015 में लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के दरौली प्रखण्ड की आबादी एक लाख छियासी हजार चौदह है जबकि उक्त प्रखण्ड में स्वास्थ्य उप-केन्द्र की संख्या मात्र 20 है जो आबादी के हिसाब से काफी कम है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरौली प्रखण्ड में आबादी के अनुरूप स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों नहीं ?

------

भवन का निर्माण

*1921. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत चौसा प्रखण्ड के कलाशन बाजार में जिला संचालन समिति, मधेपुरा एवं राज्य संचालन समिति, बिहार द्वारा वर्ष 2007 में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की स्वीकृति दी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि कलाशन बाजार से सटे पूरब में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु जिला पदाधिकारी, मधेपुरा द्वारा जमीन हस्तानान्तरित कर दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाजार में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

उपकरण उपलब्ध कराना

*1922. श्रीमती (डॉ०) रंजु गीता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड बाजपट्टी एवं नानपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनकर तैयार है तथा उद्घाटन भी हो चुका है, परंतु चिकित्सक एवं चिकित्सीय उपकरण नहीं रहने के कारण मरीजों को कठिनाई हो रही है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं चिकित्सीय उपकरण उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

महोत्सव मनाना

*1923. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा प्रखंड के अम्बा में सतबहिनी मंदिर है, जहाँ श्रद्धालुगण प्रत्येक वर्ष माँ अम्बे महोत्सव मनाते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार माँ अम्बे महोत्सव को सरकारी स्तर पर मानने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्युत् उप-केन्द्र बनाना

*1924. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक प्रखण्ड में एक विद्युत् उप-केन्द्र बनाने का निर्णय वर्ष 2010 में सरकार द्वारा लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के खरीक प्रखण्ड में अबतक विद्युत् उप-केन्द्र नहीं बना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में विद्युत् उप-केन्द्र बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

भुगतान करना

*1925. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी बी०पी०एस०एम० द्वारा कार्यपालक सहायकों का प्रतिमाह मानदेय 11,345 रुपये निर्धारित है तथा यही मानदेय की राशि सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत सभी कार्यपालक सहायकों पर लागू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत कार्यरत कार्यपालक सहायकों को उक्त निर्धारित मानदेय से कम राशि मात्र 11,000 रुपये प्रतिमाह का भुगतान पिछले 10 महीनों से किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कार्यपालक सहायकों को उक्त निर्धारित मानदेय व बकाया अन्तर राशि का भुगतान अविलम्ब कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्युतीकरण करना

*1926. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत मझौलिया प्रखण्ड के गुदरा गाँव, परसा पंचायत का डुमरिया, इमिलिया टोला, महादलित बस्ती-करमवा पंचायत का भरवलिया टोला, मझरिया शेख पंचायत का वार्ड नं० 02, 03, एवं 04 में विद्युतीकरण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सभी गाँवों एवं वार्डों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति करना

*1927. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड के कोयला बेलवा, नरदारवा, माधोपुर दामू एवं कोढ़वा प्रखंड के अहिरौलिया, जसौली, पट्टी, जसौली, बंगरा गाँवों में विद्युत् पोल एक वर्ष पूर्व में लगा दिया गया, लेकिन अभीतक तार ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराये जाने के कारण विद्युत् आपूर्ति बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड के गाँवों में तार ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराकर विद्युत् आपूर्ति बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण करना

*1928. श्री विजय शंकर दूबे--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि छपरा जिला के जलालपुर प्रखंड के ग्राम-अशोक नगर, रूसी पूरब टोला एवं हरिजन टोला, भटकेशरी दलितबस्ती, नवादा, खेमचन्द, कन्हौली, भटकेशरी नोनिया टोली गाँवों का विद्युतीकरण कार्य पूरा नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों का विद्युतीकरण का कार्य कबतक, पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापित करना

*1929. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के राज्य के सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक एम० बी० बी० एस० डॉक्टर के साथ एक आयुष चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने का निर्णय पाँच वर्ष पूर्व लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी प्रखंड के मऊ, केसपा, भोरी, संडा एवं जमुआरा स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पिछले पाँच वर्षों से चिकित्सक पदस्थापित नहीं रहने के कारण चिकित्सीय कार्य बन्द है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों को पदस्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् सब-स्टेशन चालू कराना

*1930. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड में जगेली पोखर के पास विगत् 3 वर्षों से विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सब-स्टेशन वित्तीय वर्ष 2015-16 में बनकर तैयार होना था, लेकिन अभीतक नहीं बनने के कारण श्रीनगर प्रखंड एवं के० नगर प्रखंड के विद्युत् उपभोक्ताओं को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्युत् सब-स्टेशन को चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार एवं प्रतिनियुक्ति करना

*1931. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत डुमरा प्रखंड स्थित मिश्रौलिया पंचायत के अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, पकटोला का भवन विगत 8 वर्षों जर्जर अवस्था में रहने एवं चिकित्सक ए० एन० एम० की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण मरीजों को इलाज कराने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण का जीर्णोद्धार कराने तथा चिकित्सक, ए० एन० एम० की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा देना

*1932. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मुशहरी प्रखंड के द्वारिका नगर उच्च विद्यालय की एक बीघा जमीन का अधिग्रहण तीन वर्ष पूर्व पावर ग्रिड बनाने हेतु किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अधिगृहीन जमीन का मूल्य 60 लाख रुपये है जिसका अभीतक भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अधिगृहीत जमीन के मुआवजा का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*1933. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बलिया बलौन तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चौकी में एम० बी० एस० चिकित्सक का एक-एक पद स्वीकृत हैं, परंतु उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

परियोजना चालू करना

*1934. श्री श्याम रजक--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य हाईड्रोइलेक्ट्रीक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड में स्थायी प्रबंध निदेशक की नियुक्ति लगभग पाँच वर्षों से नहीं हुई है जिससे परियोजनाएँ बंद पड़ी हुई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार बिहार राज्य हाईड्रोइलेक्ट्रीक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड में स्थायी प्रबंध निदेशक की नियुक्ति कर परियोजनाओं को चालू कराने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*1935. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधुबनी शहर में वित्तीय वर्ष 2010-11 में सिविल सर्जन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया था जिसका निर्माण कार्य विगत चार वर्षों से बंद पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार निर्माण कार्य में विलम्ब करनेवाले दोषी पर कार्रवाई करते हुये उक्त कार्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा बहाल करना

*1936. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कि रोहतास जिला के रोहतास प्रखंड में रोहतास गढ़ किला कैमूर पहाड़ी पर अवस्थित है यहाँ कई गुफायें एवं हजारों साल पुराना शिलालेख है जहाँ प्रत्येक साल छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के पर्यटक आते है लेकिन पर्यटक स्थल पर शौचालय, स्नानागार, विश्राम कक्ष सहित अन्य सुविधाएँ नहीं रहने के कारण पर्यटकों को असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पर्यटन स्थल में आवश्यक सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1937. श्रीमती रेखा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही हैं कि पटना जिला के धनरूआ प्रखंड के बीर में स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन पूरी तरह से गिर चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन को नये सिरे से बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्राँसफॉर्मर लगाना

*1938. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया प्रखंड के मथुरापुर के उपभोक्ताओं के घरों में लो-भोल्टेज की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में एक अतिरिक्त ट्राँसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार कराना

*1939. श्रीमती पूर्णिमा यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत कौआकोल प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार करना

'ख'-*1940. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, पर्यटन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर स्थित अति प्राचीन चतुर्भुज स्थान मंदिर उपेक्षा के कारण जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सेवा बहाल करना

*1941. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखंड दरभंगा के लोआम पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन वित्तीय वर्ष 2013-14 में बनकर तैयार हुआ था एवं प्रखंड मनीगाछी के राघोपुर दक्षिणी पंचायत में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन वित्तीय वर्ष 2014-15 में बनकर तैयार हुआ था उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति नहीं किये जाने के कारण उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों को चालू नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक एवं नर्स प्रतिनियुक्त कर स्वास्थ्य सेवा कबतक बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

औचित्य बतलाना

*1942. श्री नन्द किशोर यादव--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार के नीति आयोग द्वारा विगत वर्ष राज्य के बाजारों को ई-मार्केटिंग से जोड़ने के लिये सभी राज्य सरकार को दो-दो पत्र भेजे गये हैं तथा प्रति बाजार 30 लाख रु0 देने का आश्वासन दिया है परन्तु सरकार द्वारा राज्य में स्थित बाजारों को ई-मार्केटिंग से जोड़ने के लिये अभीतक न तो कोई कानून बनाया है और न ही कोई व्यवस्था बनायी है, यदि हाँ, तो राज्य के बाजारों को देश के अन्य बाजारों से जोड़ने हेतु केन्द्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को सरकार द्वारा कार्यान्वित नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---

नोट--'ख'-पर्यटन विभाग के ज्ञापांक 617, दिनांक 10 मार्च, 2017 द्वारा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग में स्थानान्तरित ।

तार बदलना

*1943. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधेपुर प्रखण्ड अन्तर्गत बाँकी ग्राम में 440 वोल्ट का बिजली तार विगत 40 वर्षों से लगा हुआ है जो कि जर्जर हो चुका है, जिसके कारण कोई भी दुर्घटना घट सकती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम के जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पोल एवं तार बदलना

*1944. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के तुर्कौलिया प्रखण्ड अन्तर्गत खगनी, रेतवा, बेलपट्टी, जैसीनपुर, फुलवा घाट, शंकर सरैया, मुन्शीनाथ, फतेटोला, ब्रह्मनटोला, रघुनाथपुर, तुर्कौलिया चौक इत्यादि जगहों पर विगत दो वर्षों से बिजली का पोल एवं तार काफी जर्जर स्थिति में है, जिससे आम लोगों में अप्रिय घटना घटने का भय व्याप्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों के जर्जर बिजली के पोल एवं तार को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

औचित्य बतलाना

*1945. श्री नन्द किशोर यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल, राजेन्द्र नगर, पटना को वर्ष 2014 में ही आई बैंक खोलने का लाइसेंस प्राप्त हुआ किन्तु दो वर्ष बीत जाने के बाद भी वहाँ आई बैंक खोला नहीं जा सका है, यदि हाँ, तो राज्य के नेत्रहीनों के लिये जीवनदायिनी योजना को शुरू नहीं करने का क्या औचित्य है ?

----------

जीर्णोद्धार करना

*1946. श्रीमती (डॉ०) रंजु गीता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखण्ड बाजपट्टी स्थित ग्राम-हुँमायूपुर एवं बाजीतपुर में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन जर्जर हो चुका है जिसमें बैठकर चिकित्सीय कार्य करना संभव नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वरीयता का लाभ देना

*1947. <u>श्री महबूब आलम</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा महाविद्यालयों के लिये संविदा के आधार पर सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति हेतु अधिसूचना संख्या 504 (17), दिनांक 10 जुलाई, 2014 का प्रकाशन दिनांक 30 जनवरी, 2015 को निर्गत किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा उक्त अधिसूचना को विलम्ब से जारी किये जाने की वजह से उसके अनुसार नियुक्त चिकित्सक प्राध्यापक वरीयता के लाभ से वंचित हो गये;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधिसूचना के आधार पर नियुक्त सहायक प्राध्यापकों को वरीयता का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

जीर्णोद्धार करना

*1948. <u>श्री अचमित ऋषिदेव</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड के मिर्जापुर पंचायत के ग्राम-मिर्जापुर में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का तीन कमरे का भवन जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

तार का स्थानान्तरण

*1949. <u>श्री सुधांशु शेखर</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बेनीपट्टी प्रखण्ड के विद्युत् कार्यालय, बेनीपट्टी के बगल से 33,000 हजार वोल्ट का तार निजी घरों के ऊपर से गया है तथा हाई वोल्टेज तार की ऊँचाई बहुत कम है, जिससे वहाँ के आम लोग बहुत भयभीत हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त हाई वोल्ट तार को सड़क के किनारे करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युतीकरण करना

*1950. <u>श्री सुधीर कुमार उर्फ बन्टी चौधरी</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के सिकन्दरा विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत अलीगंज प्रखण्ड में ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु कुल 68 राजस्व ग्राम हैं, जबकि टोला एवं गाँव मिलाकर कुल 88 ग्राम हैं, जिसमें से मात्र 60 ग्रामों का ही विद्युतीकरण किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड के शेष बचे ग्रामों का भी विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दैनिक मजदूरी का भुगतान

*1951. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में पल्स पोलियो अभियान में पल्स पोलियो ड्रॉप देने वाले दल कर्मी का दैनिक भत्ता मात्र पचहत्तर रुपये है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मानदेय के रूप में कम राशि मिलने के कारण दलकर्मियों की आर्थिक स्थिति दयनीय है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पल्स पोलियो के दलकर्मियों को न्यूनतम दैनिक मजदूरी का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण

*1952. श्री (डॉ०) विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखण्ड में एक ही विद्युत् सब-स्टेशन है, उक्त प्रखण्ड में आबादी अधिक होने से विद्युत् आपूर्ति में कठिनाई होती है, तो क्या सरकार आमस प्रखण्ड के ग्राम-सिहुली के पास आजाद बिगहा में एक अतिरिक्त विद्युत् सब-स्टेशन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ऊर्जान्वित करना

*1953. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के सभी गाँव को 2017 तक ऊर्जान्वित किये जाने की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के तीनों प्रखण्ड पुपरी, सुरसंड एवं चोरौत प्रखण्ड में विद्युतीकरण का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त तीनों प्रखण्डों को समय-सीमा के अन्दर ऊर्जान्वित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

केन्द्र परिवर्तित करना

*1954. श्री प्रकाश वीर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रजौली प्रखण्ड के सवैयाटांड़ पंचायत के बसरौन में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जो प्रखण्ड मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य केन्द्र से 70 कि०मी० दूर है, जिसके कारण मरीज उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर ही निर्भर रहते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## शौचालय की व्यवस्था

*1955. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गढ़पुरा प्रखंड स्थित बाबा हरिगिरि धाम में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया जाता है, परंतु उक्त धाम में श्रद्धालुओं के लिये पेयजल, शौचालय की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होने के कारण श्रद्धालुओं को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त धाम में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## विस्थापितों को बसाना

*1956. श्री अमित कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत सुप्पी प्रखंड के रामपुर, कंठ तथा बैरगनिया प्रखंड के मसहा आलम, मसहा नरोत्तम एवं आदमवान गाँव के लोग बागमती नदी के कटाव के कारण 20 से 25 वर्ष पूर्व से बाँध के ऊपर तथा बाँध के नीचे विस्थापित होकर जीवन बसर कर रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सभी विस्थापित परिवारों को बसाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## प्रतिनियुक्ति करना

*1957. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी एवं समेली प्रखंड मुख्यालय में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक के नहीं रहने के कारण महिला मरीजों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## भवन निर्माण कराना

*1958. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के छौड़ादानों प्रखण्ड अंतर्गत खैरा पंचायत के बेला ग्राम में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन विगत 20 वर्ष पूर्व से जर्जर रहने के कारण पदस्थापित चिकित्सक को मरीजों का इलाज करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मुआवजा देना

*1959. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के टिटिहा चौक के निकट दिनांक 28 अप्रैल, 2016 को सड़क दुर्घटना में ग्राम-सहनगाँव के श्री तसलीम, पिता-स्व0 मनीरूद्दीन एवं सुश्री सुखाना बेगम, पिता-तसलीम की मृत्यु हो गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक उक्त दुर्घटना में मारे गये लोगों के परिवार को चार लाख रु0 प्रति व्यक्ति की दर से मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दुर्घटना में मारे गये लोगों के परिवारों को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युतीकरण करना

*1960. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के प्राणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत साहनगर, गोरीपुर, इंगलिस, खोजाटी घाट, बाबूपुर, प्रीत नगर, बस्ता, दक्षिणी लालगंज, काबिलपुर, तारापुर, अमडोल, ग्रामदेवती, दीघापार गाँवों में अभीतक बिजली का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

महिलाओं की नियुक्ति में आरक्षण

*1961. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में प्रथम बार बिहार दंत चिकित्सा सेवा का गठन किया गया है, जिसमें लगभग 700 पदों का सृजन हुआ है तथा बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 05/2015 से दंत चिकित्सा की प्रथम नियुक्ति हेतु विज्ञापन दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा सरकारी सेवा में 35 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया गया है परन्तु उक्त विज्ञापन में महिलाओं को आरक्षण दिये जाने का उल्लेख नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार दंत चिकित्सा सेवा की नियुक्ति में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

मशीन उपलब्ध कराना

*1962. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर स्थित श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, पूर्वी चम्पारण जिलों से लोग इलाज कराने आते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन एवं एम0आर0आई0 जाँच करने की मशीन उपलब्ध नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिटी स्कैन तथा एम0आर0आई0 मशीन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## विद्युतीकरण कराना

*1963. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड के अनुसूचित जनजाति बाहुल्य केलाबाड़ी गाँव में अभीतक विद्युतीकरण का कार्य नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

## पर्यटन स्थल विकसित करना

*1964. श्रीमती गायत्री देवी--क्या मंत्री, पर्यटन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखण्ड अन्तर्गत मढ़िया ग्राम में प्राचीन शिव का मंदिर है जिसे लोग मढ़िया मठ के नाम से जानते हैं तथा यहाँ नेपाल से भी लाखों भक्त आकर शिव मंदिर में जल चढ़ाते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार मढ़िया शिव मंदिर स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

## मशीन बदलना

*1965. श्री नितिन नवीन--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के कंकड़बाग स्थित जयप्रभा ब्लड बैंक में ब्लड बैंक फ्रीज-40 डिग्री तथा डीप फ्रीज-80 डिग्री, प्लेटलेट्स एजीटेटर मशीन एवं ब्लड सेपरेटर यूनिट 2005 ई0 में ही अधिस्थापित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मशीनों के काफी पुराना हो जाने के कारण दान किये गये खून का रख-रखाव पिछले एक वर्ष से समुचित ढंग से करने में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जयप्रभा ब्लड बैंक में अधिस्थापित उक्त मशीनों को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

## पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*1966. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी प्रखण्ड के लखौरा में वित्तीय वर्ष 2015-16 एवं पीपराकोठी प्रखण्ड के बीरछपरा, बलथरवा में वित्तीय वर्ष 2013-14 में पावर सब-स्टेशन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, परन्तु निर्माण कार्य अभीतक शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*1967. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखंड स्थित ग्राम-उसीचक मौजा में 1.12 एकड़ जमीन पर ए०एन०एम० ट्रेनिंग सेन्टर खोलने हेतु दो वर्ष पूर्व जिलाधिकारी, बेगूसराय द्वारा स्वास्थ्य विभाग को प्रतिवेदित किया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर ए०एन०एम० ट्रेनिंग सेन्टर खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युत् आपूर्ति करना

*1968. श्री राम नारायण मंडल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिले के बाराहाट प्रखण्ड के लौढ़िया खुर्द पंचायत का महुआ अड्डा गाँव बिजली की सुविधा से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में विद्युत् आपूर्ति बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

बिजली आपूर्ति करना

*1969. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के प्रखंड अन्धराठाढ़ी के अन्धराठाढ़ी पंचायत के विशनपुर टोला में अभीतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टोला में कबतक बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युतीकरण कराना

*1970. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड के लखनपुर गाँव में अबतक विद्युतीकरण का कार्य नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आयुर्वेदिक कॉलेज खोलना

*1971. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बाल्मिकिनगर विधान-सभा से 150 कि०मी० की दूरी पर मोतिहारी में आयुर्वेदिक कॉलेज स्थापित है, जिससे उक्त विधान-सभा क्षेत्र के लोगों को आयुर्वेदिक इलाज का लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विधान-सभा क्षेत्र में आयुर्वेदिक कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्युतीकरण करना

*1972. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी प्रखण्ड के बंका, सिरवकटा, कुड़िया, अनाड़कली, बैसा, गोबिन्दपुर गाँवों में अभीतक विद्युतीकरण कार्य नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण का कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पक्षी विहार बनाना

*1973. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखण्ड में सरोतर झील है, जिसमें देश-विदेश के पक्षी आकर प्रवास करते हैं तथा पर्यटकों के लिये पक्षी विहार बनाने हेतु उक्त झील में सभी अर्हताएँ मौजूद हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार सरोतर झील को पक्षी विहार बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन बनाना

*1974. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के सिकन्दरा विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत अलीगंज प्रखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हो रहा है, जिसमें संवेदक द्वारा प्राक्कलन के विरुद्ध घटिया सामग्रियों का इस्तेमाल किया जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त भवन को प्राक्कलन के अनुरूप बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

टांसफॉर्मर लगाना

*1975. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली प्रखंड के ग्राम पंचायत अबुलहसनपुर में गायत्री मंदिर के निकट लगा 16 के० भी० ए० का ट्रांसफॉर्मर विगत 2 माह पूर्व में चोरी हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन बनाना

*1976. श्री प्रकाश वीर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत, सिरदला प्रखंड के बड़गाँव, खटांगी एवं चौकिया पंचायत के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ऊर्जान्वित कराना

*1977. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया विधान-सभा क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में 10 से 30 घर की बस्ती में बिजली आपूर्ति नहीं हो पायी है, जिससे गरीब आदिवासी अपने-आप को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कटोरिया विधान-सभा का सर्वेक्षण कराकर छूटे हुये टोलों एवं कस्बों को ऊर्जान्वित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण करना

*1978. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड के शत्रुपट्टी और कुपहा गाँवों में विद्युतीकरण कार्य अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पोल एंव तार बदलना

*1979. श्री (मो०) तौसीफ आलम--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 जनवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''दर्जनों बिजली पोल जर्जर'' के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के झिलझिल पंचायत के आजाद चौक गुआबाड़ी स्थित 33 हजार के विद्युत् तार के जंफर के निकट के कुदेला ब्रह्मणटोली तक जानेवाली 11 हजार वोल्ट की मेन लाइन के बीच दर्जनों बिजली के पोल एवं तार की हालत काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर पोल एवं तार को बदलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सीय कार्य शुरू कराना

*1980. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के वारिसनगर विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत नागरबस्ती में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन ध्वस्त रहने के कारण चिकित्सीय कार्य बन्द है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराकर चिकित्सीय कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अस्पताल चालू करना

*1981. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला मुख्यालय स्थित अनुमण्डलीय अस्पताल, बक्सर विगत सात वर्षों से बन्द पड़ा है जिसके कारण मरीजों को चिकित्सकीय कार्य हेतु सदर अस्पताल बक्सर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में चिकित्सक एवं चिकित्सककर्मी प्रतिनियुक्त कर चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सौंदर्यीकरण कराना

*1982. श्री राजकिशोर सिंह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली विश्वस्तरीय ऐतिहासिक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जहाँ प्रत्येक वर्ष विश्वभर से पर्यटक पहुंचते है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल का सौन्दींकरण एवं आधारभूत संरचनाओं का निर्माण नहीं होने से पर्यटकों को असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पर्यटक स्थल का सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक ।

(2) एवं (3) अस्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न वित्तीय वर्षों में वैशाली जिलान्तर्गत विभिन्न पर्यटकीय स्थलों का विकास हेतु योजना की स्वीकृति प्रदान की गयी जिसका विवरण निम्न है:--

1. होटल आम्रपाली, यूथ हॉस्टल कैंफेटेरिया वित्तीय वर्ष 2010-11 स्वीकृत राशि 107.45 लाख योजना पूर्ण है।

2. विश्वशांति स्तूप का विकास- वित्तीय वर्ष 2011-12 स्वीकृत राशि 243.90 लाख योजना पूर्ण है ।

इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जैन सर्किट के समग्र विकास हेतु योजना की स्वीकृति पत्रांक 5 (8) 2016-SD दिनांक 19 सितम्बर, 2016 द्वारा प्रदान की गयी है, इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री विशेष पैकेज के तहत बौद्ध सर्किट के विकास के लिये विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है । जिसमें वैशाली भी सम्मिलित है ।

विद्युतीकरण करना

*1983. श्रीमती बेबी कुमारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बोचहाँ प्रखंड के बुधौली, कन्हारा रघु, कल्याणा, आथर बंसल, मानिकपुर, हनुमान नगर (राम टोला) गाँव का आजतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है जिसके कारण लोग आज भी अंधेरे में रहने के लिये विवश हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों का विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*1984. श्री (डॉ0) शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कदवा में 7 चिकित्सक का पद स्वीकृत है जिसमें मात्र तीन चिकित्सक ही प्रतिनियुक्त हैं जिससे रोगियों को इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में स्वीकृत पद के अनुरूप चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

राशि वितरित करना

*1985. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2014-15 एवं वित्तीष वर्ष 2015-16 के डीजल अनुदान के लिये प्राप्त राशि चालीस लाख रुपये का वितरण प्रखंड विकास पदाधिकारी, महिषी द्वारा ऐना, झाड़ा, घोंघेपुर, शिरवार विरबार पंचायत के किसानों के बीच नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो डीजल अनुदान के लिये प्राप्त राशि को अबतक वितरित नहीं करने का क्या औचित्य है ?

-------

पदों के चिह्नित करना

*1986. श्री रामप्रीत पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ विभाग के अन्तर्गत स्वास्थ्य परिदर्शक जो राज्यस्तरीय पद है और राष्ट्रीय यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत आता है जिसका संवर्ग नियमावली मंत्रिपरिषद्, बिहार द्वारा अनुमोदित है तथा जिसका बिहार गजट प्रकाशन संख्या 988, पटना, दिनांक 28 अगस्त, 2015 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत स्वास्थ्य प्रशिक्षक संवर्ग को विभागीय पत्रांक 217 (4), दिनांक 16 फरवरी, 2017 द्वारा पुनर्गठित करते हुये मूल कोटि एवं प्रोन्नति के पदों को वेतनमान सहित चिह्नित किया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वास्थ्य परिदर्शक पदों को पुनर्गठित करते हुये मूल कोटि एवं प्रोन्नति के पदों को वेतनमान सहित चिह्नित करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दवा आपूर्ति कराना

*1987. श्रीमती भागीरथी देवी--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 5 दिसम्बर, 2016 के अंक में प्रकाशित समाचार शीर्षक ''चार माह से पी0एच0सी0 में जरूरी दवाओं की किल्लत'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड रामनगर के पी0एच0सी0 में 4-5 माह से दवा नहीं रहने के कारण प्रखंड के गरीब, असहाय मरीजों को महंगी दवाई बाहर से खरीदनी पड़ रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पी0एच0सी0 में दवा की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दवा उपलब्ध कराना

*1988. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेतिया एवं मझौलिया में नवम्बर, 2015 से जीवन रक्षक दवा उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है जीवन रक्षक दवा के अभाव में सैंकड़ों मरीजों की मौत हो चुकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर जीवन रक्षक दवा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषी पर कार्रवाई

*1989. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार का प्रावधान है कि विद्युत् प्रदायी कम्पनी विद्युत् उपभोक्ताओं के प्रत्येक विद्युत् विपत्र पर वास्तविक शुल्क का सिर्फ 1.5 प्रतिशत ही कैपेसीटर चार्ट के रूप में वसूल कर सकती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर नगर निगम की प्रदायी कम्पनी बी0ई0डी0सी0पी0एल0 उपभोक्ताओं से वास्तविक शुल्क का कैपेसीटर चार्ज 20 से 25 प्रतिशत वसूल कर रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जाँच कराना

*1990. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बड़हरा विधान-सभा क्षेत्र में वर्ष 2016 में आयी भयंकर बाढ़ में राहत शिविर चलाया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाढ़ राहत शिविर में दिन में एक बार गरीबों को खाना खिलाया जाता था परन्तु तीन बार खाना खिलाने के लिये बिल का भुगतान किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विधान-सभा क्षेत्र के बाढ़ शिविरों में हुई अनियमितता की जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटक स्थल विकसित करना

*1991. मो० नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के बड़हरीया थानान्तर्गत यमुना गढ़ किला जो ऐतिहासिक धरोहर है जिसे देखने पर्यटक आते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त किला को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

मशीन की संख्या बढ़ाना

*1992. श्री (डॉ०) रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल पी०एम०सी०एच०, पटना में प्रतिदिन किडनी रोग से ग्रसित 30-35 मरीज आते हैं, परन्तु डायलिसिस मशीनों की संख्या मात्र 8 है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में मरीजों की संख्यानुपात में डायलिसिस मशीनें कम रहने के चलते मरीजों का वेटिंग बढ़ता जाता है तथा समय पर डायलिसिस न हो पाने की वजह से मरीज की मृत्यु असमय हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में मरीजों की संख्या को देखते हुये डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़ाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

राशि देना

*1993. डॉ० रामानंद यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फतुहा विधान-सभा क्षेत्र में वर्ष 2016 में आये बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत राशि का लाभ देने के लिये फतुहा के अंचलाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी, पटना को दी गयी प्रभावित लोगों की सूची में से 1,833 लोगों को एवं पटना सदर प्रखंड के अंचलाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी, पटना को दी गयी सूची में से 7,799 लोगों को छः हजार की राशि प्रदान नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उक्त छूटे हुये लोगों को छः हजार की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्य पूर्ण करना

*1994. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखंड अन्तर्गत लक्ष्मीपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य वर्ष 2012 तक पूर्ण करना था परन्तु वर्ष 2010 से निर्माण कार्य बंद पड़ा है यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बिजली की व्यवस्था करना

*1995. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलानतर्गत कसबा नगर पंचायत के कसबा उच्च विद्यालय के पीछे से रेलवे स्टेशन सड़क तक वार्ड नं० 2 के स्टेशन मोहल्ला में आजतक बिजली नहीं पहुँची है, जिससे लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बस्ती में बिजली की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

दवा उपलब्ध कराना

*1996. श्री अशोक कुमार चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के कांटी स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र एवं अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र पर मरीजों को विगत दो वर्ष से दवा नहीं मिल रहा है, जिससे मरीजों को महंगी दवा बाजार से खरीदना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1997. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड अन्तर्गत चमनपुरा पंचायत के ग्राम हरदिया के वार्ड नं० 3 में 16 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर एवं चिउटहाँ पंचायत के भगवानपुर काली स्थान के समीप वार्ड नं० 3 में 16 के०वी०ए० का ट्रांसफॉर्मर विगत एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ है, यदि हाँ, तो उक्त स्थान के खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर को कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

योजना लागू करना

*1998. श्री (डॉ०) रामानुज प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 4 अप्रील, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''धूल खा रही मशीन, बदहाल टेली मेडिसीन'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री ने 27 नवम्बर, 2013 को पी०एम०सी०एच० अधीक्षक आवास परिसर में घर बैठे प्रदेश के मरीजों को इलाज से संबंधित जानकारी मुहैया कराने के लिये टेली मेडिसीन सेवा का उद्‌घाटन किया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रोजेक्ट हेतु 20 लाख रुपये की लागत से मशीन एवं उपकरण क्रय किया गया परन्तु डॉक्टर तथा टेक्नीशियन के अभाव में उक्त सेवा की शुरूआत नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त महत्वकांक्षी योजना को धरातल पर लाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार करना

*1999. श्री हेमनारायण साह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत महाराजगंज प्रखण्ड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर है जिससे मरीजों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रतिनियुक्ति करना

*2000. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक नहीं रहने के कारण महिला मरीजों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुआवजा देना

*2001. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2016 में बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखण्ड के लखनपुर एवं दामोदरपुर पंचायत में 11½ सौ हेक्टेयर में लगी गेहूँ की फसल भीषण अग्निकांड में जलकर राख हो गया था, परन्तु उक्त पंचायतों के पीड़ित किसानों को अभीतक मुआवजा नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के अग्निकांड से पीड़ित किसानों को मुआवजा राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सकीय कार्य शुरू करना

*2002. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत तरारी प्रखण्ड के पनवारी गाँव में प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण वर्ष 2013 में कराया गया था, परन्तु उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी को प्रतिनियुक्त नहीं करने के कारण चिकित्सा कार्य बन्द है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र में चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी को प्रतिनियुक्त कर चिकित्सकीय कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2003. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत ''मुजफ्फरपुर जिला यक्ष्मा कार्यालय'' का भवन जर्जर है एवं छत से पानी टपकता है, जिसके कारण उक्त कार्यालय में कार्यरत कर्मी एवं वहाँ आनेवाले रोगी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त यक्ष्मा केन्द्र कार्यालय भवन के बगल में स्वास्थ्य विभाग के खाली जमीन पर उक्त कार्यालय हेतु नया भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अधूरे भवन को पूरा करना

*2004. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखण्ड के पिपरा ग्राम पंचायत अन्तर्गत ग्राम-गोसाईडीह में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कार्य 10 वर्ष पूर्व प्रारम्भ कराकर अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे मरीजों को कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अधूरे भवन को पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्वास्थ्य केन्द्र चालू करना

*2005. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत उदाडिह गाँव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन तीन वर्ष पूर्व बनकर तैयार है परन्तु उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को अभीतक चालू नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मुआवजा देना

*2006. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत धमदाहा प्रखंड अधीन 30 दिसम्बर, 2016 को सड़क दुर्घटना में चिकनी डूमरिया पंचायत के कौआकोल निवासी रेखा देवी, अभिषेक कुमार तथा मोरंगमेय देवी एवं 18 जनवरी, 2017 को सरसी ग्राम निवासी बेचन सिंह तथा ज्ञानदेव सिंह की आकस्मिक मृत्यु हो गयी थी, परन्तु उक्त पीड़ित परिवारों को अभीतक मुआवजा की राशि नहीं प्रदान की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार तत्काल पीड़ित परिवार को प्रावधानानुसार मुआवजा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य में गति लाना

*2007. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखण्ड के बैरिया पावर ट्रान्सफॉर्मर का कार्य 2015 में शुरू किया गया है, जिसमें कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार निर्माण कार्य में गति लाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युतीकरण करना

*2008. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर नगर पंचायत के वार्ड नं0 11 के बखरा यादव टोला एवं वार्ड नं0 15 के चकचुहर महादलित टोला में अभीतक विद्युतीकरण कार्य नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर विद्युतीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अनुदान की राशि देना

*2009. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बैरिया प्रखण्ड के श्री सेठ चौधरी, पिता दुखी चौधरी, ग्राम-पूजहाँ पटजिरवा की मौत जून, 2016 में गंडक नदी में डूबने से हो गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पीड़ित परिवार को अनुग्रह राशि का लाभ देने हेतु अंचलाधिकारी, बैरिया एवं अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर ने अभिलेख तैयार कर स्वीकृति हेतु जुलाई, 2016 में जिला पदाधिकारी, प0 चम्पारण को प्रतिवेदित किया है, परन्तु अभीतक उक्त पीड़ित परिवार को अनुग्रह राशि प्रदान नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पीड़ित परिवार को अनुग्रह अनुदान की राशि देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

अस्पताल बनाना

*2010. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा सदर प्रखण्ड के सारा मोहनपुर पंचायत में सौ बेडों वाला सदर अस्पताल बनाने का निर्णय वर्ष 2013 में लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित अस्पताल के लिये मेसर्स आर्कलाइन डिजाइन, नोयडा, नई दिल्ली द्वारा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर सरकार को समर्पित किया गया था, जिसमें इसकी लागत 26 करोड़ 92 लाख 41 हजार 73 रुपये बताई गई थी, जिसके पश्चात् अक्तूबर, 2014 ई0 में समाचार-पत्र में इसके निर्माण हेतु निविदा निकाली गई थी, परन्तु आजतक उक्त अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खण्ड (1) में वर्णित अस्पताल को अबतक नहीं बनवाने का क्या औचित्य है ?

दोषी पर कार्रवाई

*2011. श्री राम सेवक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड फुलवरिया के ग्राम-माड़ीपुर महादलित टोला में पहले विद्युत् आपूर्ति होती थी, परन्तु बिजली तार टूटने एवं असामाजिक तत्व के द्वारा तार नहीं जोड़ने देने के कारण विद्युत् आपूर्ति बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टोला में बिजली का तार जोड़कर बिजली आपूर्ति करने के साथ दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

न्यायालय स्थापित करना

*2012. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया अनुमंडल की स्थापना हुये 23 वर्ष से ज्यादा हो गया है लेकिन अभीतक अनुमंडलीय न्यायालय की स्थापना नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल में अनुमंडलीय न्यायालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

निर्माण कराना

*2013. श्री राहुल तिवारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखण्ड में रेफरल अस्पताल का भवन काफी जर्जर है एवं चहारदीवारी भी टूट कर गिर गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त रेफरल अस्पताल का भवन निर्माण कराने के साथ चहारदीवारी का निर्माण भी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्थानान्तरण करना

*2014. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन कार्यालय, पटना में 10-12 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित कर्मियों (वर्ग 3 एवं 4) को सरकार स्थानान्तरण नीति के तहत वर्ष 2014-15 में स्थानान्तरित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उन स्थानान्तरित कर्मियों में से ही 6 कर्मियों को सिविल सर्जन, पटना द्वारा स्थानान्तरण नीति के विरुद्ध सिविल सर्जन कार्यालय, पटना में ही प्रतिनियुक्त कर दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्थानान्तरण नीति के तहत उक्त 6 कर्मियों को सिविल सर्जन कार्यालय, पटना से स्थानांतरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

योजना शुरू करना

*2015. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु दिनांक 2 अक्टूबर, 1966 को राज्य के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं मुखिया के द्वारा हेल्थ गाइडों को चयनित कर तीन माह का प्रशिक्षण दिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत पातेपुर विधान-सभा स्थित पातेपुर और जन्दाहा प्रखंड में 2 अक्टूबर, 1977 को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु हेल्थ गाइड योजना शुरू की गयी थी, जिसे वर्ष 2004 में बंद कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में उक्त योजना को पुनः शुरू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*2016. श्री हरिशंकर यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के रघुनाथपुर प्रखंड के महरौली में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन के निर्माण के लिए ग्रामीणों द्वारा 10 कट्ठा जमीन 10 वर्ष पूर्व दान में दिया गया था तथा यह क्षेत्र प्रखंड मुख्यालय से सुदूर दियारा क्षेत्र में स्थित होने के कारण आम लोगों को स्वास्थ्य लाभ में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आवास का निर्माण

*2017. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला अन्तर्गत पिपरासी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत डुमरी मुराडीह में दिनांक 13 अप्रैल, 2013 को भीषण आग लगी थी, जिसमें 170 परिवार के घर जल गये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 170 घर जले परिवारों के प्रत्येक परिवार को एक क्विंटल गेहूँ, 6200 रुपये नकद राशि एवं एक पोलोथीन का वितरण किया गया लेकिन उनके रहने हेतु आवास का निर्माण नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त परिवारों को आवास का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*2018. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र, रायपुर जो भागलपुर जिला एवं खगड़िया जिला के सीमा पर है, जिसमें हजारों की संख्या में मरीज इलाज हेतु आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आधारभूत सुविधा देना

*2019. मो0 नवाज आलम--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत माँ बखोरापुर काली मंदिर एवं जैन समुदाय का प्राचीन मंदिर अवस्थित है, जहाँ देश के कोने-कोने से पर्यटक आते हैं, किन्तु पर्यटकों के सुविधा हेतु आधारभूत सुविधा का अभाव है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थलों को पर्यटन स्थल घोषित करते हुए आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*2020. श्री नीरज कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत छातापुर प्रखण्ड के छातापुर पंचायत के वार्ड नं0 01, 04, 05 और 15 में अभीतक विद्युतीकरण का कार्य अधूरा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वार्ड के अधूरे विद्युतीकरण कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापना करना

*2021. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के छौड़ादानों प्रखण्ड अन्तर्गत नरकटिया पंचायत के नरकटिया ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवनविहीन रहने के कारण चिकित्सक एवं कर्मीगण की पदस्थापना नहीं की गयी है, जिससे ग्रामीणों को इलाज कराने हेतु 8/10 कि0 मी0 की दूरी पर स्थित स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण कराकर चिकित्सक एवं कर्मीगण की पदस्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*2022. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत बिथान प्रखण्ड के ग्राम-बहोरवा, बनभौड़ा, भूधर, तेतराही, शनिचरा, नरपा, कौराही लाद-कपसिया, सलहा, सलहाचन्दन, फुहिया गाँवों में विद्युतीकरण अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में कबतक विद्युतीकरण का कार्य करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सकीय कार्य शुरू करना

*2023. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के लकड़ी नवीगंज प्रखण्ड के मदारपुर किशुनपुरा में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र है, जिसमें चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी नहीं रहने के कारण चिकित्सीय कार्य बन्द है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी नियुक्त कर चिकित्सीय कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*2024. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के डुमरा प्रखंड अन्तर्गत एनर्गो विद्युत कम्पनी द्वारा विगत 4 वर्षों से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत विद्युतीकरण का कार्य किया जा रहा है, परन्तु कम्पनी द्वारा विद्युतीकरण का कार्य बहुत ही धीमी गति से करने के कारण उक्त प्रखंड के ग्रामीण अंधेरे में जीवन व्यतीत करने पर विवश है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड के गाँवों में विद्युतीकरण का कार्य समय सीमा के अंदर कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*2025. श्री विद्यासागर सिंह निषाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखण्ड के चकसिकन्दर पंचायत में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का पुराना भवन ध्वस्त हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

एम्बुलेंस उपलब्ध कराना

*2026. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोचाधामन प्रखण्ड किशनगंज जिले का सबसे बड़ा प्रखण्ड है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोचाधामन में एक ही एम्बुलेंस है जबकि यहाँ रोजना दो सौ से अधिक मरीज इलाज कराने आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कोचाधामन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक अतिरिक्त एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

नया भवन बनाना

*2027. श्री विद्यासागर सिंह निषाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखण्ड में अवस्थित जननायक रेफरल अस्पताल का भवन जर्जर है एवं सरकार के रिपोर्ट के मुताबिक बिल्डिंग डेमोलिशन के लायक है तथा अस्पताल का भवन कभी भी गिर सकता है, जिससे बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल का नया भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्युतीकरण करना

*2028. श्री अशोक कुमार चौधरी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के काँटी प्रखंड में एस्सेल विद्युत् वितरण निगम लिमिटेड को वर्ष 2016 तक विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण करना था परन्तु उक्त कम्पनी द्वारा अभीतक विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

मुआवजा देना

*2029. श्री राजीव नन्दन--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू अंचल के पंचायत डीहा के ग्राम-सरेवा में दिनांक 9 जनवरी, 2016 को 11.20 बजे रात्रि में विरेन्द्र सिंह के खलिहान में आग लग गयी थी, जिससे भारी नुकसान हुआ था परन्तु पीड़ित व्यक्ति को अभीतक मुआवजा की राशि नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*2030. श्री श्याम रजक--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 फरवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''तीन करोड़ से संवरा 225 बेड का अस्पताल वीरान'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना सिटी स्थित श्री गुरू गोविन्द सिंह अस्पताल एक अनुमंडलीय अस्पताल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 350वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर तीन करोड़ रुपये खर्च कर इसे कारपोरेट हॉस्पीटल के रूप में विकसित किया गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रकाशोत्सव के समय प्रतिनियुक्त चिकित्सकों को वापस भेज दिया गया है, जिससे वहाँ के कई विभाग बंद पड़े हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गुरू गोविन्द सिंह अस्पताल में आवश्यकता अनुसार डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति कर यहाँ के सभी विभागों को पुन: चालू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

मुआवजा देना

*2031. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी प्रखण्ड के केना कला गाँव में आग लगने से वर्ष 2016 में पप्पु बारी, रसीद अन्सारी, अवधेश बिन्द, कामेश्वर विश्वकर्मा, राजु बिन्द का धान का सभी बोझा जलकर राख हो गया था, जिससे किसानों की स्थिति बदहाल हो गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त घटना की जानकारी जिलाधिकारी, रोहतास एवं आपदा प्रबंधन विभाग, पटना को आवेदन के माध्यम से दिया गया था लेकिन अभीतक उक्त किसी भी किसान को जले धान का मुआवजना नहीं मिला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव के प्रभावित किसानों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युतीकरण करना

*2032. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के ग्राम-सकरपुरा के वार्ड नं० 2, 8, 9 तथा पातेपुर ग्राम के वार्ड नं० 14 में विद्युतीकरण कार्य अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वार्डों में विद्युतीकरण कार्य करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पर्यटक स्थल घोषित करना

*2033. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखण्ड अन्तर्गत बालकेश्वरनाथ मंदिर में शंकर भगवान के दर्शन के लिये काफी संख्या में पर्यटक आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मंदिर को पर्यटक स्थल घोषित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी ने अपने पत्रांक 171, दिनांक 16 फरवरी, 2017 के द्वारा प्रतिवेदित किया है कि सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत बालकेश्वरनाथ मंदिर में पूजा-अर्जना हेतु श्रद्धालुओं का आवागमन होता है । पर्यटन विभाग द्वारा किसी स्थल को पर्यटन स्थल घोषित नहीं किया जाता है ।

कार्रवाई करना

*2034. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बड़हरा विधान-सभा में वर्ष 2015 तक छूटे गाँवों का विद्युतीकरण हेतु बजाज एवं सुप्रीम कम्पनी को अनुबंधित किया गया था परन्तु उक्त कम्पनियों द्वारा विद्युतीकरण का कार्य बहुत धीमी गति से करने के कारण आजतक विद्युतीकरण का कार्य पूरा नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कम्पनियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युत् आपूर्ति बहाल करना

*2035. श्री राम नारायण मंडल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिले के बाराहाट प्रखण्ड के औरिया पंचायत का श्रीनाथपुर, देघरा, परबन्ता, काजीगढ़, चन्द्रपुरा, औरिया, कदरसी, रांजापुर, बबनगोडा गाँव बिजली की सुविधा से वंचित हैं, जिससे इन ग्रामों के निवासी अंधकार में जीने को विवश हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों में विद्युत् आपूर्ति बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

सहायता राशि देना

*2036. श्री अरुण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के आपदा राहत नीति के तहत बाढ़पीड़ितों को सहायता राशि प्रदान करने हेतु राज्य सरकार दृढसंकल्पित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सितम्बर, 2016 में आयी भाषण बाढ़ में पटना के फतुहा प्रखण्ड के जेठुली पंचायत अन्तर्गत वार्ड सं० ५ एवं 10 के 95 पीड़ित परिवारों को आजतक सहायता राशि प्रदान नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में वर्णित बाढ़ पीड़ित परिवारों को सहायता राशि प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

जीर्णोद्धार कराना

*2037. श्री (डॉ०) मो० नवाज आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा विधान-सभा क्षेत्र के जमीरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर है तथा चहारदीवारी भी नहीं है, यदि हाँ, तो उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कराने के साथ-साथ चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

जीर्णोद्धार करना

*2038. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गिदवास और उप-स्वास्थ्य केन्द्र, गिदवास का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गिदवास और उप-स्वास्थ्य केन्द्र, गिदवास के जर्जर भवन का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पेइंग वार्ड चालू करना

*2039. श्री (डॉ०) सी०एन० गुप्ता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सदर अस्पताल छपरा में वर्ष 2005 में पेइंग वार्ड (मरीजों के रहने का स्थान) का निर्माण कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वार्ड का उपयोग पेइंग वाड (मरीजों के रहने का स्थान) के बदले स्टोर रूम में किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में निर्मित पेइंग वार्ड का उपयोग मरीजों के रहने के लिये करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

*2040. श्री (डॉ०) विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत कुरमामां एवं नदरपुर को मिलाकर आबादी 30 हजार से अधिक तथा इनके स्वास्थ्य सुविधा के लिये मात्र एक स्वास्थ्य उप-केन्द्र कार्यरत है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कुरमामां पंचायत के कुरमामां में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्युत् कनेक्शन देना

*2041. श्री सुधांशु शेखर--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिले के गुरारू प्रखण्ड के बगडीहा मोड़ से बगडीहा गाँव में जानेवाली पी०सी०सी० सड़क में डॉ० लालजी यादव के घर तक पोल एवं तार लगाकर ट्रांसफॉर्मर स्थापित कर दिया गया है, परन्तु उक्त ट्रांसफॉर्मर से उपभोक्ताओं को विद्युत् कनेक्शन अभीतक नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ट्रांसफॉर्मर से उपभोक्ताओं को विद्युत् कनेक्शन देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

दोषी पर कार्रवाई

*2042. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ठाकुरगंज प्रखंड के ठाकुरगंज, पौआरवाली रोड के किनारे बिजली के खंभे मिट्टी खोदकर गाड़े जा रहे हैं, जिसमें सिर्फ मिट्टी ही डाला जा रहा है जबकि उसमें सीमेंट, बालू और गिट्टी मिलाकर डालना है, इस संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा इसकी शिकायत ठाकुरगंज विद्युत् प्रमंडल के कनीय अभियंता से की गयी, जाँच के क्रम में बिजली के खंभे केवल मिट्टी डालकर ही गाड़े जाने की बात सामने आयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रमंडल के कनीय अभियंता द्वारा संवेदक को नियमानुसार बिजली के खंभे लगाने का निदेश दिया गया फिर भी संवेदक द्वारा बिजली के खंभे नियमानुसार गाड़े नहीं जा रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी पर कार्रवाई करते हुये उक्त स्थान पर नियमानुसार बिजली के खंभे को गड़वाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पटना :
दिनांक 17 मार्च, 2017 (ई०)।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 129, डी०टी०पी०-500